# हुड़को के पुराने सीवरेज सिस्टम को ठीक किया जाएगा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 05 वार्ड क्रं. 69 एवं 70 हुड़को में बरसो से पुराने सीवरेज सिस्टम के समस्या को दूर किया जाएगा। नये सिवरेज सिस्टम का निर्माण किया जायेगा। जिसका एजेंसी के द्वारा सतही स्तर पर ड्राईंग बनवा लिया गया है, उसी के आधार पर निर्माण होगा। वहां अधिकांश लोग सीवरेज सिस्टम के ऊपर मकान, गार्डन, फर्सीकरण करके सीवरेज सिस्टम को ब्लॉक कर दिये हैं। जिसके कारण वहां पर निस्तारी के पानी में निकासी की समस्या आ रही है। यह मकान भिलाई स्टील प्लांट के भूखण्ड पर हुड़को द्वारा बनाया गया था, जिसको भिलाई स्टील प्लांट में काम करने वाले अधिकारीध्कर्मचारियों द्वारा खरीदा गया था। संयंत्र द्वारा उन्हे नियमानुसार हाउस लोन भी प्रदान किया गया था। वर्तमान स्थिति अनुसार ज्यादातर घरों में वरिष्ठ नागरिक निवासरत है, युवा वर्ग अन्य जगहों पर कार्य कर रहे है। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ हुड़को क्षेत्र के सीवरेज सिस्टम, नाले की सफाई, बारिश के पानी की निकासी, उद्यान का अवलोकन करने पहुंचे। स्थानीय नागरिकों द्वारा वहां की समस्याओं के बारे में आयुक्त को बताया कि हम लोग बहुत परेशान हो रहे है। आवश्यकताओं को देखते हुए निगम के महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्ताव आया था, जिसकी चर्चा पश्चात लगभग 18 करोड़ रूपये का सीवरेज सिस्टम हेतु प्रास्ताव पारित कर शासन को राशि सुकृत करने के लिए भेजा गया था। स्थानीय नागरिकों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि कुछ लोग अपनी सुविधा अनुसार सीवरेज सिस्टम के उपर पीछे के तरफ अवैध कब्जा करके निर्माण कर लिए है। उनके कारण बाकि लोग परेशानी उठा रहे है। ऐसे सभी निर्माण को तोड़ा जाए जिससे नाली की सफाई अच्छी तरह से हो सके। आयुक्त पाण्डेय ने कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह को शासन स्तर पर पुनः स्मरण पत्र प्रेषित करने को कहा। जोन के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम को अतिक्रमणकर्ताओ को नोटिस देने के लिए निर्देशित किये है। सभी को नोटिस देकर स्वयं से कब्जा हटाने के लिए 15 दिवस का समय दिया जावें। निर्धारित तिथि पश्चात निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाएगी। प्रमुख सड़क के उपर दुकानें खुल गई है, जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता दीपक देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक सागर दुबे, स्वच्छता पर्यवेक्षक हरिश चंद बारले, यशवंत मसकरे आदि उपस्थित रहे।

